## खबर संक्षेप



### वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ पर विविध कार्यक्रम

**बड़वारा।** वन्दे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बड़वारा के स्थानीय शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में स्कूल में अध्ययन रत छात्र छात्राओं के द्वारा सामूहिक राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम गान की प्रस्तुति की गई।₹वंदे मातरम₹ के 150 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।राष्ट्रीय गीत ₹वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को बड़वारा नगर के शारदा मॉडल हायरसेकेंडरी स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं ने देशभक्ति और कृतज्ञता की सामूहिक अभिव्यक्ति की। छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गौरव और एकता का अलख जगाती कालजयी रचना वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। वंदे मातरम₹ राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव स्कूल में विद्यालय के स्टाफ व छात्र छात्राओं ने पूरे हर्षोल्लास से मनाया ।गौरव, श्रद्धा और साझा पहचान के रूप में एकजुट करने वाले राष्ट्रीय गीत के सम्मान में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भागीदारी की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सतीश द्विवेदी, विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### महिला सफाई कर्मियों का आज होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के नगरीय निकायों में पदस्थ कर्मचारियों के क्षमतावर्धन हेतु स्वच्छता नॉलेज पार्टनर्स के माध्यम से महिला सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 14 नवंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से नगर निगम परिसर में किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 50 महिला सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कटनी द्वारा टीम का गठन किया जाकर चिकित्सकों एवं नियुक्त दल को दवाइयों एवं आवश्यक उपकरणों सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। इस टीम में डॉ. कनिका बुनकर (बंध चिकित्सक), सुश्री शिवरात्रि साहू (नर्सिंग ऑफिसर) एवं ऑन ड्यूटी वाहन चालक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श व चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन स्वस्थ एवं सुरक्षित रूप से कर सकें। सभी संबंधित महिला कर्मचारियों से समय पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

### जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक 20 को

**कटनी।** जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक 20 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।बैठक में कटनी जिले के अंतर्गत पशु चिकित्सालय, बड़वारा में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित की जाने वाली दुकानों पर चर्चा एवं निर्णय, जिले की 20 संस्थाओं हेतु कुर्सी एवं टेबल कय पर चर्चा, जिला पशु चिकित्सालय कटनी की एक्स-रे मशीन, सोनोग्राफी हेतु आवश्यक सामग्री डेव्हलपर, फिक्सर, एक्स-रे फिल्म, सोनोग्राफी जेल एवं सर्जरी हेतु जानसन व एथिकान काटन सूचर, वाईकिल सूचर मटेरियल क्रय पर चर्चा, रोग अनुसंधान प्रयोगशाला कटनी की ऑटो हेमेटोलाइजर मशीन की रिपेयरिंग एवं केमीकल एनालाईजर हेतु 2 माइको पिपेट, टिप्स, रियजेंट कय पर चर्चा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी। उपसंचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ. आर. के. सोनी ने जिला कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक,. वन संरक्षक, आयुक्त नगर निगम से उपस्थित रहने आग्रह किया गया है।

### स्लीमनाबाद में सालों से स्थायी बस स्टैण्ड एवं यात्री प्रतीक्षालय की मांग, जिम्मेदार बेपरवाह

# विकट समस्याः आधा सैकड़ा से अधिक बसों का रोजाना संचालन, स्थायी बस स्टैण्ड नहीं होने से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद जो कि तहसील भी है लेकिन स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड और यात्री प्रतिक्षालय बनाने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यहां केवल जनसंख्या बढ़ रही है, सुविधाएं नहीं। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने जनता से जो वादे किए पर वह सिर्फ चुनावी जुमला साबित हुआ। स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड की वर्षों से मांग चली आ रही है, पर अभी तक किसी जिम्मेदार ने इसे पूरा करने की जहमत नहीं उठाई। इस रोड पर जल्दबाजी में सवारी के उतरने-चढने से हादसों का डर बना रहता है। यहां बस संचालकों को भी बस खड़ा करने कई तरह की समस्या आ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्थाई बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यात्रियों को



धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा हैं।

#### यात्री प्रतीक्षालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की दरकार

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय के अभाव मै यात्रियों को धूप में खड़ा होना पड़ता हैं। यहां पर बनी दुकानों के टीनशेड में खड़े होने पर दुकानदार लोगों को यहां पर खड़े होने से मना कर देते हैं, जिससे यात्रियों को बारिश, गर्मी, ठंड, के मौसम में परिजनों सहित खड़ा होना पड़ता है।साथ ही सबसे बड़ी जो समस्या है वह सामुदायिक स्वच्छता परिसर की न होने की है।जिससे सबसे बड़ी परेशानी महिलाओं को होती है।

#### 50 से अधिक बसों का प्रतिदिनि होता है आवागमन

सडक़ किनारे बने अघोषित बस स्टैंड से करीब 50 से अधिक बसों को संचालन प्रतिदिन कटनी, दमोह,जबलपुर, बहोरीबंद, मझौली, ढीमरखेड़ा, बड़वारा की ओर किया जाता है। उसके बावजूद यात्रियों की सुविधााओं के लिए यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं कराया जा रहा हैं। स्थानीय लोगों से लेकर जन प्रतिनिधियों ने कई बार प्रतीक्षालय की मांग की। गुहार आला अधिकारियों से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

#### जनप्रतिनिधियों को नही सरोकार

स्थानीय निवासियों व व्यापारियों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों के द्वारा बड़े बड़े वादे किए जाते है।लेकिन चुनाव जीतने के बाद अपने ही वादों को जनप्रतिनिधि बिसरा जाते है। यही कारण है कि सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य के अलावा विधायक भी निर्वाचित होकर जाते है।लेकिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसी को भी कोई सरोकार नही रहता है।बहोरीबंद विधानसभा से कांग्रेस व भाजपा दोनो ही पार्टियों के विधायक बन चुके है।लेकिन स्लीमनाबाद मैं स्थाई बस स्टैंड की सुविधा पूरी नही हो सकी है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड हो इसके लिए मांगे सामने आई है। स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड निर्माण हो सके इसके लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया। प्रस्ताव पास होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस पार्षदों दल की बैठक में लिये गए निर्णय

**कटनी।** विगत कुछ दिनों से गहन मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर मतदाताओं में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। लोगों को वर्ष 2003 की मतदाता सूची नहीं मिलने के कारण बूथ लेवल ऑफिसर के चक्कर काटना पड़ रहा है। उक्त सभी विसंगतियों से जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्षद दल की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद मिथलेश जैन ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि उक्त संबंध में अधिकारियों द्वारा कोई भी रुचि नहीं ली जा रही है जिसके लिए शीघ्र ही कांग्रेस पार्षद दल कटनी कलेक्टर से मुलाकात कर जनता का ध्यान आकर्षित करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी कांग्रेस पार्षद अपने वार्ड में मतदाता सहायता शिविर का आयोजन कर लोगो को फॉर्म उपलब्ध कराने से लेकर फॉर्म भरने और वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग सत्ताधारी दल के इशारे पर मतदाताओं को लाइन में लगाने का काम कर रही है उक्त कार्य घर घर जाकर सर्वे करके किया जा सकता था।

*केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह, फग्गन सिंह दद्दा धाम में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हुए शामिल*

# भक्ति भाव व कर्म की त्रिवेणी थे दद्दाजी, समाधि स्थल पहुंचकर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण दद्दा धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिवस पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, वरिष्ठ नेता अरविंद मेनन और विनोद गोटिया पहुंचे। महोत्सव स्थल पर पहुंचने से पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले "दद्दा जी" की समाधि पर पहुंचकर नमन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात वे दद्दा जी के नवनिर्मित मंदिर में पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-



अर्चन कर दद्दाजी के दर्शन किए। कथा व्यास स्थल पर सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. इन्द्रेश उपाध्याय महाराज, भागवत प्रभु महाराज एवं पं. बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज विराजमान थे। जैसे ही केंद्रीय मंत्री श्री चौहान कथा व्यास पर पहुंचे, पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा-"दद्दा जी भक्ति, भाव और कर्म की त्रिवेणी थे। वे केवल एक संत नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने वाले सेतु थे। उनका आशीर्वाद आज भी हम सब पर है, वे निराकार होकर भी हर जगह विद्यमान हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने इतना अद्भुत, अनुशासित और भावनाओं से ओतप्रोत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पहले कभी नहीं देखा। श्री चौहान ने आयोजन की भव्यता और श्रद्धा के लिए विधायक संजय पाठक तथा समस्त दद्दा शिष्य मंडल की हृदय से प्रशंसा की।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, साधु-संत और दद्दा धाम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वच्छता के लिए ननि द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान



निगम प्रशासन द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में दैनिक सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ ही सभी वार्डों में कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई और सड़कों की झाड़ू व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत सफाई अमले द्वारा शहर के अनेक प्रमुख स्थलों पर साफ–सफाई का कार्य किया गया। इनमें खिरहनी फाटक ओवरब्रिज, जगन्नाथ चौक, कटनी नदी ब्रिज, नई बस्ती,गांधी द्वार,महारानी लक्ष्मीबाई तिराहा,मिशन चौक,गोल बाजार,पन्ना तिराहा,घंटाघर,सुभाष चौक सहित अन्य स्थल शामिल रहे ।

# श्मशान घाट में अव्यवस्थाओं से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ग्राम पंचायत उमरियापान के श्मशान घाट में टीन शेड तक की व्यवस्था नहीं है। अंतिम संस्कार के लिए यहां पहुंचने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उमरियापान को आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में प्रस्तुत किया जाता है लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। श्मशान घाट में न तो शेड है, न पानी की सुविधा, न बैठने की जगह, न ही रास्ता पक्का । श्मशान घाट का हाल बेहद बदतर है। बरसात के दिनों में जहाँ चारों तरफ कीचड़ और फिसलन रहती है, वहीं गर्मी में धूप इतनी तेज़ होती है कि अंतिम संस्कार में पहुंचने वाले लोगों को खड़ा रहने भी मुश्किल हो जाता है। श्मशान घाट में टीन शेड की



व्यवस्था नहीं है, जिससे बरसात के समय लोग यहां वहां भटकते रहते हैं। अंतिम संस्कार के वक्त लोग छाते या कपड़ों से अपने सिर ढककर खड़े रहते हैं। कई बार तो मजबूरी में श्मशान घाट के पास पेड़ों के नीचे शव रखकर अंतिम संस्कार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से ग्राम पंचायत को बार-बार आवेदन दिया गया, पर हर बार ₹फंड नहीं है₹ कहकर टाल दिया जाता है।

पंचायत अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन देते हैं। श्मशान घाट की बदहाली के बावजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि ₹विकास के मॉडल₹ के रूप में उमरियापान का नाम लेते हैं। जब पंचायत में कोई निरीक्षण या कार्यक्रम होता है, तो रंगरोगन करके बेहतर तस्वीर दिखाई जाती है। जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की अनदेखी के चलते श्मशान घाट में सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

*स्कूल आने जाने में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को होती है दिक्कत*

# नदिया टोला में सड़क एवं पेयजल की सुविधा नहीं होने से हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पोंडी कला बी के अंतर्गत आने वाला नदिया टोला में सड़क नहीं होने से विद्यालय आने-जाने में बच्चों और शिक्षकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। कीचड़ और जलभराव से रास्ता दुर्गम हो जाता है, जिससे कई बार बच्चों को विद्यालय तक पहुंचना संभव नहीं हो पाता।

#### पेयजल की समस्या

विद्यालय परिसर में पेयजल की सुविधा का भी अभाव है। हैंडपंप खराब पड़े हैं और पाइपलाइन



व्यवस्था ठप है। इस कारण बच्चों और शिक्षकों को स्कूल समय में पीने के पानी के लिए दूर तक जाना पड़ता है। हासिल जानकारी के अनुसार, साल 1998 में नदिया टोला में प्राथमिक स्कूल भवन का निर्माण हुआ था। गांव में स्कूल खोला गया। अब भवन जर्जर स्थिति में है और पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। शाला प्रभारी भारत शुक्ला ने बताया कि स्कूल में वर्तमान में 22 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन पेयजल सुविधा न होने से उन्हें गांव के हैंडपंप से पानी लाना पड़ता है। समस्या को लेकर अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया है पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पंचायत स्तर पर भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

#### प्रस्ताव अधिकारियों को भेजा गया है : बीआरसी

इस संबंध में बीआरसीसी ढीमरखेड़ा प्रेम कोरी का कहना है कि नदिया टोला विद्यालय में पेयजल व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार कर अधिकारियों को भेजा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम हेतु सौंपे दायित्व

**कटनी।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी मैदान में किया जायेगा। जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं समन्वय हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जबकि जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विमल चौरसिया सहायक नोडल होंगे।

### जिला स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में स्लीमनाबाद महाविद्यालय उपविजेता



**स्लीमनाबाद।** उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार कॉलेजो में खेलकूद गतिविधियाँ शुरु हो गईं है। जिला स्तरीय महिला वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा मै आयोजित हुआ जहाँ स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद ओर चड्डा कॉलेज की टीम फाइनल पर पहुंची। फाइनल मुकाबले पर स्लीमनाबाद महाविद्यालय उपविजेता तो कटनी चड्डा कॉलेज विजेता रहा।

### कन्या महाविद्यालय में अभिनय एवं सांस्कृतिक विधाओं के हुए प्रदर्शन

# विद्यार्थी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की रखते हैं क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय गुरूवार को जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन अभिनय एवं सांस्कृतिक विधा के अंतर्गत प्रथम दिवस अभिनय का आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम अभिनय विधा पर केंद्रित रहा, जिसमें माइम, स्किट, मिमिक्री तथा नाटक जैसी विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन एवं संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने का एक उत्कृष्ट अवसर सृजित किया। यह आयोजन न केवल



सांस्कृतिक उत्थान का माध्यम बना, अपितु विभिन्न महाविद्यालयों के बीच सहयोग एवं प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति एवं समाजसेवी मनीष गेई उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अवसर मिलने पर अपनी प्रतिभा का पूर्ण प्रदर्शन करना चाहिए। वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। विशिष्ट अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. उमा निगम ने भी कार्यक्रम की सराहना की। अन्य विशिष्ट अतिथियों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील वाजपेयी तथा शासकीय महाविद्यालय बरही के प्राचार्य डॉ. आर.के. त्रिपाठी शामिल रहे। डॉ. सुनील वाजपेयी ने जिला स्तरीय अभिनय एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं तथा इसे छात्राओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने सभी अतिथियों, प्राचार्यों तथा दल प्रभारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी के सहयोग की प्रशंसा की । विभिन्न महाविद्यालयों से दल प्रभारी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिनमें शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद से डॉ. प्रज्ञा तिवारी, शासकीय महाविद्यालय बरही से डॉ. के.के. निगम, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी से डॉ. अनिल तौहेल, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी से डॉ. रंजना वर्मा तथा साईनाथ इंस्टीट्यूट कटनी से विधि जैन प्रमुख थे। इनके साथ उनके प्रतिभागी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवाद समिति का गठन किया गया।

# लोक अदालत में अधिभार में प्रदाय की जाएगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

आगामी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय सहित नगर के विभिन्न चार स्थलों पर किया जा रहा है। जिसमें लंबित विभिन्न करों मे छूट प्रदान करने संबंधी कार्यवाही की जाना है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नागरिकों से अधिक से अधिक लोक अदालत का फायदा उठाने की अपील की है।

नेशनल लोक अदालत में मप्र नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत सम्पत्तिकर अधिभार सरचार्ज जल उपभोक्ता प्रभार सरचार्ज मे निम्न शर्तों के अधीन छूट प्रदान की है। जिसके अनुसार संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। जबकि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये दस हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जायेगी।

संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। वहीं जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये दस हज़ार से अधिक तथा रूपये पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 75 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये एक लाख से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 25 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि पचास हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। यह छूट मात्र एक बार ही प्रदान की जाएगी एवं वित्तीय वर्ष तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 13 दिसंबर की नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी।

**खबर संक्षेप**

## हितग्राही से रुपयों की मांग करने पर सीईओ ने की कार्रवाई

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बनगवां के ग्राम रोजगार सहायक हेमराज उपाध्याय के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की है। सुश्री कौर ने बनगवां के ग्राम रोजगार सहायक को हटाते हुए जनपद पंचायत बड़वारा में संलग्न किया है एवं नियमानुसार निर्धारित मासिक पारिश्रमिक के 50% पारिश्रमिक भुगतान करने का आदेश किया हैं। हितग्राही बारेलाल यादव से अनधिकृत रूप से राशि की मांग करना ग्राम रोजगार सहायक को भारी पड़ा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा से प्राप्त प्रस्ताव के मुताबिक विरत किए गए ग्राम रोजगार सहायक श्री उपाध्याय द्वारा हितग्राही बारेलाल यादव से आवास निर्माण हेतु 50000 रूपए की मांग की गई। दो पृथक पृथक कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरांत भी श्री उपाध्याय द्वारा उत्तर/प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि श्री उपाध्याय द्वारा हितग्राही बारेलाल यादव से संदीप कॉलोनी स्थित घर बुलाकर 50000 रुपए की राशि ली गई। जिपं सीईओ सुश्री कौर ने विस्तार से जांच करने हेतु जनपद पंचायत बड़वारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया है, जो निर्धारित अवधि में अभिलेख एवं साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## श्रीरामचंद्र पर केंद्रित गतिविधियां होंगी

**कटनी।** श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा मध्यप्रदेश के कटनी सहित 9 जिलों के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रत्येक वर्ष होने वाले स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव के दौरान श्रीरामचंद्र पर केंद्रित भाषण, रंगोली, चित्रकला, कविता, भजन एवं प्रश्नमंच इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। जिले में होने वाले कार्यक्रमों के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सफल कटनी जिले के अन्तर्गत समस्त महाविद्यालयों में कार्यक्रमों के आयोजन, संचालन एवं सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु शासकीय तिलक महाविद्यालय की प्राध्यापक श्रीमती माधुरी गर्ग को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही श्रीमती गर्ग को प्रोजेक्ट मैनेजर श्री हितेश शर्मा से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## शीत लहर से बचाव हेतु रैन बसेरा में रात्रि विश्राम की व्यवस्था

**कटनी।** नगर में निरंतर बढ़ रही शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुये निगम प्रशासन द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद एवं गरीब नागरिकों सहित खुले आसमान के नीचे सोने वाले जरूरतमंद नागरिकों से रैन बसेरा (आश्रय स्थल) पहुंचकर रात्रि विश्राम की निःशुल्क व्यवस्था का लाभ उठानें की अपील की गई है। रैन बसेरा प्रभारी ने बताया कि नगर के विभिन्न रेलवे स्टेशन स्टेशन, बस स्टेंड, ट्रांसपोर्ट नगर, कृषि उपज मंडी, मुड़वारा स्टेशन के पास, शासकीय जिला चिकित्सालय के आस पास रोजगार की तलाश मे शहर आये हुए गरीब वर्ग के लोगों व फुटपाथ अथवा सड़कों के किनारे चबूतरों पर रात्रि गुजारा करने वाले लोगों से बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा पहुंचकर निःशुल्क रात्रि विश्राम की सुविधा का लाभ प्राप्त सकते है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें नगर में निरंतर बढ़ रही शीत लहर से बचाव एवं नागरिकों की सुविधा के लिए आवश्यकतानुसार शहर के पूर्व निर्धारित प्वाइंटों में अलाव की व्यवस्था शीघ्र प्रारंभ करानें के निर्देश सविभाग प्रमुखों को दिए है।

## आदित्य दुबे बने ग्रामीण जिलाध्यक्ष

**स्लीमनाबाद।** कांग्रेस पार्टी स्लीमनाबाद के कर्मठ कार्यकर्ता आदित्य दुबे को मप्र कांग्रेस कमेटी के जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ कटनी का ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनाया गया है। आदित्य दुबे की नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।



### ग्राम पोंड़ी और निटर्रा के बीएलओ से गणना प्रपत्र वितरण की जानी प्रगति

# बूथ लेवल अधिकारियों को कुर्सी में बैठाया और स्वयं खड़े रहे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरूवार के अपने विकासखंड रीठी के भ्रमण के दौरान विधासभा क्षेत्र बहोरीबंद के ग्राम पोंड़ी और निटर्रा के बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) की मैपिंग कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने खुद बीएलओ के साथ मतदाता के गणना प्रपत्र के विवरणों को बीएलओ ऐप में दर्ज करवाया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम निटर्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 72 के बीएलओ जुगल सिंह और मतदान केन्द्र क्रमांक 73 के बीएलओ कल्लू सिंह को खुद कुर्सी पर बैठाया और कलेक्टर खुद खड़े रहे और अपने समक्ष मतदाताओं की जानकारी बीएलओ एप में दर्ज कराई। इसी प्रकार ग्राम पोंड़ी के मतदान केन्द्र क्रमांक 74 के बीएलओ पंचमलाल चक्रवर्ती से कलेक्टर श्री तिवारी ने अपनी मौजूदगी में मतदाता रीना सोनी का विवरण बीएलओ एप में ऑनलाईन दर्ज कराया। कलेक्टर श्री तिवारी ने गणना पत्रक के वितरण और मतदाताओं के





सत्यापन कार्य में आवश्यकतानुसार पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक की भी सेवायें प्राप्त करने के निर्देश दिये।

### कार्य की गति बढ़ाने दिये निर्देश

कलेक्टर श्री तिवारी ने बीएलओ से अब तक वितरित किये गये गणना प्रपत्रों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत मतदाताओं तक समय पर फार्म पहुंचाना सुनिश्चित करें, काम की गति बढ़ायें। निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गयी मतदाता से संबंधित जानकारी तत्परता से बीएलओ एप में अपडेट करें।

### फार्म भरकर करें वापस

कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि वर्ष 2003 के निर्वाचक नामावली में मतदाताओं या उनके परिवार के सदस्यों का नाम जिस विधान सभा क्षेत्र के मतदान केंद्र में दर्ज था उसे वोटर सर्विस पोर्टल या अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्साह से भाग ले और बीएलओ को इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करे। गणना पत्र फॉर्म में चाही गई जानकारी भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को वापस करे। गणना प्रपत्र भरने का कार्य जिले में 4 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा।

इस दौरान तहसीलदार रीठी संदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार द्वय खगेश भलावी एवं इसरार खान, राजस्व निरीक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# देशी कट्टा व कारतूस लेकर घूम रहे बदमाश को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे पुलिस ने देशी कट्टा लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति कत्थई रंग की टी-शर्ट एवं क्रीम रंग की पैंट पहने हुए शनि मंदिर के सामने छोटी खिरहनी क्षेत्र में घूम रहा है तथा लोगों में भय का माहौल पैदा कर रहा है। सूचना पर पुलिस दल तत्काल मौके पर पहुँचा। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की कमर के बाएं तरफ से एक 12 बोर का देशी कट्टा (चालू हालत में) बरामद किया गया, जिसका चेंबर खाली था। आरोपी की पैंट की जेब से एक जिंदा कारतूस भी मिला।पूछताछ में आरोपी हथियार का कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर पुलिस ने कट्टा एवं कारतूस को विधिवत जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद रिजवान पिता मनउवर खान 25 वर्ष निवासी रोशननगर के रूप में हुई है। आरोपी से अवैध हथियार प्राप्त करने के स्त्रोतों के संबंध में आगे पूछताछ की जा रही है।

## विभिन्न मांगो को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सिलौंडी।** मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने प्रभारी मंत्री उदय राव प्रताप सिंह के कटनी प्रवास के दौरान बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के साथ मुलाकात किया साथ ही सिलौंडी क्षेत्र की विभिन्न मांगो को लेकर एक पत्र सौंपा। पत्र में सिलौंडी में आधार कार्ड पंजीयन केंद्र खोलने , नेगाई से अतसुमा रोड , सुनतरा से दशरमन ,सुनतरा से गूडा रोड , सिलौंडी से अमहेटा रोड स्वीकृत करने की मांग किया है ।सिलौंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग किया है । इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय ,मंडल उपाध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा,अन्नू पाल मौजूद रहे।



### नरवाई नहीं जलाने एवं प्रबंधन यंत्र अपनाने किसानों से की अपील

# खेतों में पहुंचकर कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन के नवाचारों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में धान की पराली नरवाई प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचारों के माध्यम से पर्यावरण और मिट्टी की जैविक उर्वरा शक्ति को बढ़ाने वाले सहयोगी जैविक मित्रों की क्षति को रोकने की किसानों द्वारा अभिनव पहल की जा रही है। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी गुरूवार को हर गांव के खेत में पहुंचने के लिए स्वयं करीब एक-एक किलोमीटर तक उबड़-खाबड़ मेंढ़ों और खेतों में पैदल चलकर विकासखंड रीठी के पोंडी, महगवां और बड़गांव हीरापुर के खेतों में पहुंचकर किसानों से जीवंत संवाद किया। उन्होंने उन्नत कृषि यंत्रों की मदद से नरवाई प्रबंधन हेतु किसानों के नवाचारों



को खेतों में देखा। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई प्रबंधन यंत्र अपनाएं और खेतों में नरवाई न जलाएं।

कलेक्टर ने रीठी के ग्राम पौड़ी में कृषक सुनील जैन के खेत में पहुंच कर नरवाई प्रबंधन के तहत सुपर सीडर से गेहूं की बोनी करा रहे ट्रेक्टर मालिक हल्के राम तिवारी से चर्चा कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली । उन्होंने बताया कि करीब 15 सौ रुपए प्रति घंटा के किराये पर वे सुपर सीडर किसानों को उपलब्ध कराते हैं।कलेक्टर ने किसान से चर्चा कर नरवाई प्रबंधन के लिए इस तरीके के प्रयोग के लिए क्षेत्र और आस-पास के अन्य किसानों को भी प्रोत्साहित करने की बात कही।

कलेक्टर ने ग्राम महगवा में कृषक संदीप जैन के खेत में चना, सरसों की अंतर्वर्ती खेती और नवाचार के तहत की जाने वाली कुसुम की खेती की भी जानकारी ली। पोंड़ी में कलेक्टर को मिले किसान मनीष गर्ग ने सुपरसीडर से नरवाई प्रबंधन होने को लेकर कई शंकायें व्यक्त की। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषि अधिकारियों को मनीष के एक एकड़ खेत में विभाग की ओर से नरवाई प्रबंधन का प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपसंचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल, सहायक संचालक कृषि मनीष मिश्रा, तहसीलदार संदीप सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

## सांसद ने जन जातीय गौरव रथ को दिखाई हरी झंडी



जनपद पंचायत बड़वारा के सभागार में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की अध्यक्षता में जनजातीय गौरव दिवस को भव्य तरीके से आयोजित करने के संबंध में बैठक आयोजित कर आवश्यक तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। सांसद श्री शर्मा ,बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, शशांक श्रीवास्तव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा जायसवाल एवं अन्य जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों–कर्मचारियों की मौजूदगी में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा जनजातीय क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने पर कार्यक्रम आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। भव्य तरीके से आयोजन करने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सुझाव दिए। सांसद श्री शर्मा ने जनजाति गौरव रथ को हरी झंडी दिखाकर आगे की ओर रवाना किया। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन भव्य और दिव्य तरीके से किया जाए।

# जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन कल, जन सुनवाई सत्रों व ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य पर शनिवार 15 नवंबर को ढीमरखेड़ा के महात्मा गांधी मैदान में सुबह 10 बजे से खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जनजातीय गौरव दिवस' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनजातीय गौरव दिवस से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कार्यक्रम में लगाई जायेगी प्रदर्शनी

जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित प्रमुख योजनाओं की प्रदर्शनी एवं स्टाल लगाई जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले आगंतुकों एवं हितग्राहियों को शासन के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में आदि कर्मयोगी अभियान के अन्तर्गत जिले के चयनित 204 ग्रामों के सचिव व रोजगार सहायकों को आदि सेवा केन्द्रों पर दो जनसुनवाई सत्रों एवं विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। विकास संबंधी प्राथमिकताओं पर सामुदायिक रूप से प्रतिक्रिया एवं अपेक्षाएँ पाप्त करने तथा पी.एम. जनमन, आदि कर्मयोगी अभियान और अन्य जनजातीय केन्द्रित योजनाओं के स्थानीय आधार पर कियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। जनसुनवाई में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, स्वर्ग सहायता समूह, यूथ क्लब आदि कर्मयोगी कैडर एवं स्थानीय संस्थानों की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक आदि सेवा केंद्र पर भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में पुष्प श्रद्धांजत्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 नवंबर को समस्त ग्रामों व आदि सेवा केन्द्रों पर विशेष ग्राम सभा आयोजन किया जाएगा।

### जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय व्हालीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# पुरुष वर्ग में कटनी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज विजेता, महिला वर्ग में गर्ल्स कॉलेज कटनी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में जिला स्तरीय अंतर-महाविद्यालयीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने की।आयोजन का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. सचिन कोष्टा के नेतृत्व में हुआ।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की महिला एवं पुरुष वर्ग की कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी,कटनी आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज और शासकीय महाविद्यालय सिलौंड़ी की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय





कटनी की टीम विजेता तथा कटनी आर्ट एंड कॉमर्स महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही।

पुरुष वर्ग में शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा,स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद, शासकीय स्नातकोत्तर तिलक महाविद्यालय कटनी, शासकीय महाविद्यालय बरही और कटनी आर्ट एंड कॉमर्स महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। इसमें कटनी आर्ट एंड कॉमर्स महाविद्यालय की टीम विजेता और स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद की टीम उपविजेता रही।प्रतियोगिता के माध्यम से संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन भी किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए क्रीड़ाधिकारी डॉ. राजकुमार, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. आशीष पांडे, डॉ. नागेंद्र यादव,शैलेंद्र जाट, चंदन यादव, मुकेश गुप्ता सहित निर्णायक शोले नामदेव एवं विजय दुबे का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्णकुमार नागवंशी, डॉ. मनीष व्यास, डॉ. राजाराम सिंह, डॉ. श्वेता सिंह बघेल, डॉ. हर्षित द्विवेदी, डॉ. अखिलेश द्विवेदी, युवराज तिवारी,स्मिता परसाई, मनीष झारिया, जितेंद्र कुमार, छात्र-छात्राएं एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वीप अभियान के अंतर्गत किया गया कार्यशाला का आयोजन

# मतदाता सूची सत्यापन प्रक्रिया में सहयोग करने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के तहत प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी डॉ अरविंद सिंह ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। साथ ही बताया कि एसआईआर की इस प्रोसेस का मकसद वोटर लिस्ट को पूरी तरह से अपडेट करना है। जिसमें फर्जी मतदाताओं के नाम हटाना, जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनके नाम डिलीट करना, जो नाम छूट गए हैं उन नामों को जोड़ना शामिल है। इस प्रक्रिया में बी.एल.ओ. घर-घर जाकर वोटर्स के



नाम सत्यापित करेंगे। बी.एल.ओ. पहले एस.आई.आर. फार्म का वितरण करेंगे। एक फार्म को दो प्रतियों में दिया जाएगा। इसके बाद दूसरी बार में भराया जाएगा और तीसरी बार में फार्म को जमा करना होगा। फार्म की एक प्रति मतदाता और दूसरी बीएलओ के पास जमा होगी। फार्म में 2003 और 2025 का कॉलम है। जो लोग 2003 में मतदाता नहीं थे या फिर कहीं दूसरी जगह थे, वह लोग अपने माता-पिता, दादा-दादी का डाटा भरेंगे। 2025 कालम में स्वयं का डाटा भरना है। सामान्य प्रक्रिया अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नागरिक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म 6 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन कर सकते है, नाम या किसी अन्य जानकारी को बदलने या स्थान में परिवर्तन कराने के लिए जरूरी फॉर्म 7 एवं 8 के संबंध में आवश्यक जानकारी से भी अवगत कराया। वहीं डॉ. रश्मि त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता सूची में संबंधित सभी कार्यों की अधिक से अधिक जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर 1950, वोटर हेल्प लाइन ऐप या बीएलओ से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में स्वीप प्रभारी डॉ अरविंद सिंह ने उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों से मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण अंतर्गत संशोधन की प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को जागरूक कर सहयोग करने हेतु प्रेरित करने अपील की। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस.एस. धुर्वे, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ राकेश दुबे, डॉ के. के. विश्वकर्मा, डॉ नीलम चतुर्वेदी, डॉ रूपा शर्मा, मनोज चौधरी, सौरभ तिवारी, पवन दुबे, कैश अंसारी, श्री कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत, सुश्री संतोषी तिवारी, डॉ चंद्रभान विश्वकर्मा विश्वकर्मा, शंकर सिंह, आशीष तिवारी, अजय सेन, राजेश्वरी मिश्रा, गणेश प्रजापति तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, स्वीप एंबेसडर सतीश कुशवाहा, संदीप साहू, अनिल कुशवाहा, लाल भैय्या लोनी, निगम चौधरी, जय प्रकाश दाहिया, रासेयो स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

# रैली निकाल समाधान योजना का लाभ उठाने की गई अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी संचारण संधारण संभाग अंतर्गत बरही, विजयराघवगढ़, खितौली, सिंगौड़ी, कन्हवारा, कैमोर, निवार, अमाड़ी, रीठी एवं देवगांव वितरण केन्द्र मुख्यालयों में मध्य प्रदेश शासन की समाधान योजना 2025-26 के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जन-जागरण रैलियों का आयोजन किया गया। इन रैलियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया एवं रैलियों में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा योजना के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए समस्त उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उठाने की अपील की गई।

समाधान योजना 2025-26 के अंतर्गत 3 माह या उससे अधिक समय से विलंबित विद्युत बिलों के सरर्चाज माफ किया जाना है। यह योजना 2 चरणों में लागू की गई है। पहले चरण में 3 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक विभिन्न श्रेणियों में सरर्चाज में 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है। जबकि द्वितीय चरण मे 1 जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक विभिन्न श्रेणियों मे सरर्चाज में 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक छूट दी जायेगी।

कटनी ग्रामीण संभाग में लगभग 72 हजार उपभोक्ता इस योजना का लाभ प्राप्त करने के पात्र है। जिसमें इन उपभोक्ताओं को कुल लगभग 8.5 करोड़ राशि की छूट दी जानी है। इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता कंपनी की वेवसाईट www.mpez.co.in पर जाकर स्वयं का रजिस्ट्रेशन करना होगा एवं योजना अनुसार सरर्चाज की छूट के बाद भुगतान करना होगा।

## खबर संक्षेप

### गणना प्रपत्रों का किया वितरण

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज सुभाष कॉलोनी क्षेत्र में SIR प्रक्रिया के तहत मतदाताओं को गणना प्रपत्रों का वितरण किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि सभी पात्र मतदाता अपने गणना प्रपत्र समय पर भरकर निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने आज मतदान केंद्र क्रमांक 171 पर पहुँचकर मतदाताओं रिहाना / श्याम (ट्रांसजेंडर) एवं गुड़िया / कस्तूरी (ट्रांसजेंडर) को SIR प्रक्रिया के तहत गणना प्रपत्रों का वितरण किया। उन्होंने सभी ट्रांसजेंडर मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता मौजूद रहे।

### ईश्वर दयाल पटेल बने सिविल न्यायधीश

**पवई।** बीते दिवस मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रवेश स्तर की परीक्षा-2022 का अंतिम परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें ईश्वर दयाल पटेल का चयन हुआ है। बता दें कि ईश्वर दयाल पटेल जनपद पंचायत पवई में एसडीओ रहे हरिश्चंद पटेल के भतीजे हैं। अंतिम चयन सूची जारी होते ही परिवार सहित पूरे पवई नगर में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया।

सुनी समस्याएं अधिकारियों को दिए निर्देश

# कलेक्टर ने पौड़ी मानगढ़ में लगाई रात्रिकालीन जन चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जन्म जयंती समारोह के अवसर पर आज ग्राम पौड़ी मानगढ़ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने रात्रि कालीन जन चौपाल में शामिल होकर ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याएं निराकरण करने के निर्देश दिए।



इस अवसर पर भावसिंह मासाब, रूपेश सेन, सीईओ जनपद पंचायत जबेरा डॉ. रामेश्वर पटेल, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, सहायक आपूर्ति अधिकारी आदित्य दाहिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्युत की समस्या पर विद्युत वितरण के अधिकारियों को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों पर भी सुनवाई की। राधेश्याम राय ने अपनी जमीन से संबंधित जमीन का प्रकरण कलेक्टर के समक्ष रखा। इस संबंध में कलेक्टर ने वनमण्डलाधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की। यहां गांव की महिलाओं ने पानी और जमीन संबंधी समस्या रखी। इस संबंध में उन्होंने तहसील न्यायालय में प्रकरण रखने की बात कही। कलेक्टर ने शिविर में आए ऐसे आवेदक जिनके आवेदन नहीं थे, उनके आवेदन मौजूद कर्मचरियों से लिखाए और संबंधित विभागों को देकर निराकरण के निर्देश दिए । कृषि विभाग ने अपने स्टाल पर 14 किसानों को मसूर मिनी किट के लिए रजिस्ट्रेशन किए। नरेंद्र सिंह ठाकुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जबेरा, के.एल चौरसिया, सुश्री दर्शिका दुबे, दिनेश पटेल कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे। सिकल सेल एनीमिया जांच उपचार किया गया जिसमें 50 मरीजों की जांच की गई। जानकारी देते हुए लैब टेक्नीशियन अशोक आर्य ने बताया दो मरीज पॉजिटिव पाए गए। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्राहकों के लिए ई केवाईसी सेवा सहित बैंकिंग संबंधी जानकारी दी गई। कियोस्क संचालक सौरभ ताम्रकार, प्रवीण मिश्रा द्वारा ग्राहकों की ई केवाईसी की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा द्वारा मरीज के लिए ओपीडी स्टॉल लगाया गया जिसमें 30 मरीज ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शासकीय सान्दीपनि विद्यालय जबेरा की शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना की जानकारी, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं कराई गई।

# कथा में श्री कृष्ण सुदामा मित्रता और राजा परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

ठकरास मोहल्ला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन श्री कृष्ण सुदामा, परीक्षित मोक्ष और श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया। प्रवचनों में भक्ति, दोस्ती और संस्कार, धर्म के मार्ग पर चलने के महत्व पर जोर दिया गया। कथा वाचक भरत द्विवेदी ने कहा कि मनुष्य जीवन संस्कारों से ही महान बनता है। माता-पिता को अपने बच्चों को बचपन से ही संस्कार का पाठ पढ़ना चाहिए ताकि वे भविष्य में उनका सहारा बन सके और समाज में अच्छा योगदान दे सकें। क्योंकि संस्कारो से ही समाज और राष्ट्र की उन्नति होती है। उन्होंने आगे कहा की भागवत कथा सुनने से न केवल व्यक्ति का मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण होता है बल्कि यह समाज और परिवार में भी सकारात्मकता और संस्कार भरने में मदद करती है। आगे श्री कृष्ण और सुदामा जी की दोस्ती का प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि सुदामा जी भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे। वे भिक्षा मांग कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। उनकी पत्नी सुशीला बार-बार कहती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं, उनके पास जाकर मिल आइए वह हमारी जरुर मदद कर देंगे। पत्नी के बार-बार आग्रह पर सुदामा जी द्वारका पहुंचते हैं, द्वारपाल उनके आगमन की सूचना भगवान श्री कृष्ण को देते हैं और कहते हैं कि सुदामा नाम का कोई ब्राह्मण आया है। इतना सुनकर द्वारकाधीश श्री कृष्णा नंगे पैर ही दौड़े चले आते हैं और अपने सखा को गले लगा लेते हैं। अपने मित्र की दीन दशा देखकर उनकी आंखों से अश्रु धारा बहने लगती है। अपने बाल सखा को सिंहासन पर बिठाकर उनके चरण धोते हैं और भेंट में लाई गई पोटली छीनकर चावलों को बड़े चाव से खाते हैं। सुदामा जी की द्वारकापुरी में खूब सेवा की जाती है। फिर वे विदा लेकर अपने निज स्थान को प्रस्थान करते हैं। तो वहां जाकर देखते हैं कि पर्ण कुटीर की जगह पर महल बना हुआ बना हुआ है। इस तरह सुदामा जी पर भगवान श्री कृष्ण की कृपा बरसती है और वह अपने परिवार के साथ सुखी जीवन बिताते हैं। इसके बाद राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाई उन्होंने कहा की मृत्यु अटल है लेकिन भगवान की कथा, कीर्तन और भक्ति के माध्यम से व्यक्ति जन्म मृत्यु के बंधन से मुक्त हो सकता है। सुखदेव जी के द्वारा राजा परीक्षित को भागवत की कथा सुनाई गई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया और तक्षक द्वारा दसे जाने पर भी उन्हें परमधाम मोक्ष प्राप्त हुआ। भागवत कथा जीवन में धर्म, सत्य और सदाचार का संदेश देती है। इसे सुनने से मनुष्य के पापों का नाश होता है और जीवन में सुख शांति आती है। कथा के दौरान यजमान तखत सिंह बगिया वाले, नारायण सिंह, रघुवर सिंह सहित सैकड़ो श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं की तिथियां तय, युवाओं में उत्साह

# सांसद खेल महोत्सव की तैयारी हेतु बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/बनवार

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन "फिट युवा, फॉर विकसित भारत" के तहत आयोजित होने जा रहे सांसद खेल महोत्सव की तैयारी को लेकर नोहटा में मंत्री अनुज नितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक मंत्री कार्यालय नोहटा में संपन्न हुई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, खेलों की तिथियां तथा विभिन्न समितियों के दायित्व तय किए गए। मंत्री अनुज नितेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में युवाओं के भीतर खेल भावना, स्वास्थ्य चेतना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए यह महोत्सव एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और अनुशासन का प्रतीक हैं। बैठक में तय किया गया कि जबेरा विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रानी अवंतीबाई लोधी परिसर नोहटा में 21, 22 और 23 नवंबर को किया जाएगा, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करौंदी-पड़रिया में 18 और 19 नवंबर को होगा। इन प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी लोकसभा स्तरीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे और अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। लोकसभा स्तर पर आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में मैराथन, हैंडबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, शतरंज (चेस), टेबल टेनिस, बैडमिंटन और कुश्ती सहित कई खेलों की स्पर्धाएं होंगी। विजेता खिलाड़ियों को नकद इनामी राशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में खेल प्रभारी गोपाल पटेल, सांसद निज सहायक भागीरथ पटेल, तथा खेल जगत से जुड़े गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उपस्थित सदस्यों ने आयोजन की सफलता के लिए समन्वय और सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। मंत्री अनुज नितेन्द्र सिंह ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को खेल के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि इच्छुक खिलाड़ी www.sansad-khelmahotsav.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर युवाओं में उत्साह और जोश का माहौल है। खेल प्रेमियों का कहना है कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि नई खेल संस्कृति और ऊर्जा से भरपूर समाज की दिशा में बड़ा कदम साबित होंगे।



# सफाई कर्मचारी काम करते हैं, उनको समय पर वेतन प्राप्त हो

## राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने बैठक लेकर दिसे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग (कैबिनेट मंत्री स्तर) के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में नगरपालिका, स्वास्थ्य, श्रम, आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, सीएमएचओ डॉ. राकेश अठ्या, नगरीय परियोजना अधिकारी कपिल खरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधी भी मौजूद थे। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने बैठक में कहा इंदौर नगर निगम में लोन मेला लगाकर सफाई कर्मचारियों को वाहन आदि के प्रकरण, बैंक गारंटी निगम द्वारा दी गई और सफाई कर्मियों ने लोन लिया



उनकी वहां मशीन निगम में संलग्न की गई । आज वह लोग जहां एक और बैंक से लिया गया लोन चुका पा रहे हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं। इस दिशा में भी जिले की नगरी निकाय कदम बढ़ाए शासन की यह अच्छी योजना है, योजना का भाव अच्छा है, अच्छे भाव से काम करें, लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा सफाई कामगारों को परियोजना अधिकारी प्रशिक्षण करवायें इसके बाद इन सफाई कामगार को रोजगार भी मिलेगा और वह आत्मनिर्भर होंगे इससे समाज में बदलाव भी आएगा। अध्यक्ष श्री करोसिया ने कहा जो सफाई कर्मचारी काम करते हैं, उनको समय पर वेतन प्राप्त हो, सुनिश्चित किया जाये, आदिम जाति, अनुसुचित जाति कल्याण और अन्य विभागों में जहां सफाई कर्मचारियों के ईपीएफ राशि की कटौती करके जमा नहीं किया जा रही है उनको समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर 15 दिन के भीतर निराकरण करके अनुकंपा नियुक्ति सफाई कर्मचारियों को दी जाये । उन्होंने रिक्त पदों की पूर्ति में जो विनियमित कर्मचारी हैं उनको वरिता के आधार पर पद रिक्त हैं तो उनको स्थाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने सफाई कर्मचारियों का सामाजिक, शैक्षणिक और अन्य कार्यक्रमों की गतिविधियों के लिए विवाह शादी के लिए उनके पास सामुदायिक भवन नहीं थे तो महाऋषि वाल्मीकि सामुदायिक भवन बनाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा जो आवासहीन सफाई कर्मचारी हैं उनको आवास उपलब्ध हो और सफाई कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों को अस्वच्छ धंधो से जुड़े होने के कारण उनको अन्य रोजगारों में रखा जाए। सिलाई, ब्यूटी पार्लर के जो प्रशिक्षण शहरी विकास अभिकरण के माध्यम से चलाए जाते हैं 20% प्रशिक्षण इस वर्ग को देकर इनका जीवन स्तर उँचा उठाएं । आयोग के अध्यक्ष श्री करोसिया ने दमोह जिले में सभी कर्मचारी के समय पर वेतन मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की कहां माह की एक से 7 तारीख तक सभी को वेतन मिल जाए, यह सभी नगरीय निकाय सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा नगरीय निकायों में जो लंबित अनुकंपा के प्रकरण है उनका तुरंत निराकरण सुनिश्चित किया जाए समीक्षा के दौरान दो प्रकरण लंबित होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा संवेदनशीलता से आपने सभी की बातें सुनी है निर्देशों के अनुरूप इनका पालन सुनिश्चित कराया जाएगा, साथ ही इसकी रिपोर्ट भी आयोग को भेजी जाएगी।

# स्टॉप डेम के गेट अब तक नहीं हुए बंद



**तेंदूखेड़ा।** -गौरैया नदी पर बना स्टॉप डैम के गेट अब तक बंद नहीं किए गए हैं, जबकि इस संबंध में कलेक्टर महोदय द्वारा आदेश जारी हुए लगभग एक माह बीत चुका है। गेट बंद न होने से क्षेत्र में जलस्तर पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ पा रहा है, जिसके कारण सिंचाई और पेयजल दोनों ही जरूरतों पर प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और किसानों ने इस विषय पर कई बार शिकायतें की हैं तथा शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, स्टॉप डैम का उद्देश्य क्षेत्र में जलसंवर्धन और भू-जल स्तर को सुधारना था, किंतु जिम्मेदार विभाग द्वारा समय पर कार्य न किए जाने से योजना का लाभ जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही गेट बंद नहीं किए गए तो रबी फसल की सिंचाई पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि तत्काल तकनीकी अमले को भेजकर गेट बंद करवाए जाएँ।

# बाल विवाह रोकने संकल्प संस्था ने जनजागरूकता रैली निकाली



**हिण्डोरिया।** बाल विवाह रोकने एवं नाबालिग बच्चों के अधिकारों को लेकर एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत सम्पूर्ण तेन्दूखेडा ब्लॉक सहित जिला में सक्रिय संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह व्दारा ग्राम सेहरी मे ग्रामीणजनों की बैठक कर जनजागरूकता रैली निकाली गई। बैठक में बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण जैसी बच्चों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर इन्हें रोकने संकल्प लिया गया। रैली मे संस्था के अध्यक्ष ओपी तिवारी, सचिव सन्देश बंसल, जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, कार्यकर्ता सुजात खान, मन्नू आदिवासी सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुयी।

# मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों की दी जानकारी

**तेंदूखेड़ा।** विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय बालक माध्यमिक शाला तेंदूखेड़ा में "न्यायोत्सव – विधिक जागरूकता सप्ताह" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल न्यायालय तेंदूखेड़ा के न्यायाधीश पूजित कमल ने विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया।




अपने संबोधन में न्यायाधीश पूजित कमल ने न्यायालय की भूमिका, विधिक धाराओं एवं भारतीय संविधान की मूलभूत विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान हमारे देश का "जीवंत ग्रंथ" है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की एकता और अखंडता की नींव है, जो हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों को समान अवसर देता है। न्यायाधीश पूजित कमल ने विद्यार्थियों को 11 मौलिक कर्तव्यों और 6 मौलिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि देश की धरोहरें — जैसे ताजमहल, कुतुब मीनार, लालकिला, प्राचीन मंदिर एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता और सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समय-समय पर वृक्षारोपण करना और विद्यालय परिसर में लगे वृक्षों की देखभाल करना हर विद्यार्थी का कर्तव्य होना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान अध्यापक तेजी सिंह ठाकुर, भारत साहू, शैलेंद्र यादव एवं अतिथि शिक्षिका मानसी सोनी सहित समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्टाफ द्वारा किया गया तथा अंत में प्रधान अध्यापक ठाकुर ने न्यायाधीश पूजित कमल का आभार व्यक्त किया।

# वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व बनने के बाद पहली बार होगी बाघ गणना, 1100 कैमरों ट्रैप लगेंगे

### गणना के साथ बाघों का कॉरिडोर आवास की गुणवत्ता भी देखेंगे, 2 चरणों में होगी गणना, कल से 15 नवंबर से शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वर्ष 2026 की बाघ गणना का काम कल शनिवार 15 नवंबर से ही शुरू होने वाला है। टाइगर रिजर्व बनने के बाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पहली बार बाघों की गणना की जाएगी। इस बार ये गणना पूरी तरह पेपरलेस होगी। सामान्य वन क्षेत्रों में लगातार बढ़ी बाघ गतिविधियों के कारण इस बार बाघ मित्र और ग्राम वन समितियों को भी शामिल किया गया है। पहली बार बाघों के साथ तेंदुआ, जंगली हाथी, भारतीय बायसन (गौर) और अन्य बड़े मांसाहारी जीवों की गिनती भी होगी। इसके लिए 1100 ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे।

### 2 चरणों में लगाए जाएंगे कैमरे

टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार 1100 वर्ग किलोमीटर में गणना के लिए 550 ग्रिड बन रही हैं। एक ग्रिड 2 वर्ग किलोमीटर की होती है, एक ग्रिड में 2 कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरा ट्रैपिंग के लिए दो ब्लॉक बनाए हैं। 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक 300 ग्रिड में काम होगा। इसमें मोहली, झापन, सिंहपुर और कुछ हिस्सा नौरादेही का शामिल किया जाएगा। 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक दूसरे ब्लॉक के 250 ग्रिड में काम होगा। इसमें डोंगरगांव, सर्रा और बाकी बचा नौरादेही का हिस्सा शामिल करेंगे, इसमें 500 ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) की पहली आधुनिक कैमरा ट्रैप आधारित गणना वर्ष 2006 में हुई थी। इसके बाद हर 4 साल में बाघों की गणना की जाती है। वन विभाग के अनुसार 2014 में प्रदेश में 308 बाघ थे, जो 2022 में बढ़कर 785 हो गए। प्रदेश की बाघ वृद्धि दर 12.12 फीसदी रही, जो राष्ट्रीय औसत 6-7 फीसदी से लगभग दोगुनी है। वन विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि इस बार संख्या 1000 से अधिक होगी

### 200 किमी एरिया में नहीं होगी गणना

वहीं टाइगर रिजर्व में कई बड़े गांव जैसे मुहली, झापन का विस्थापन नहीं हुआ है। यह गांव करीब 200 किमी का कोर एरिया प्रभावित करते हैं। जिसके चलते रिजर्व प्रबंधन यहां कैमरे नहीं लगा पाया है। रिजर्व के सूत्रों के अनुसार छूट गए इन इलाकों में टाईगर का मूवमेंट प्रायःकम रहता है इसके गणना के परिणाम प्रभावित नहीं होंगे।

### इस बार पेपरलेस होगा सर्वे

वन विभाग के अनुसार पूर्व में हुई बाघ गणना में फॉर्म भरकर भेजा जाता था, लेकिन इस बार का सर्वे पूरी तरह से पेपरलेस होगा। इस बार वनकर्मी एम-स्ट्राइप एप पर सभी डेटा मौके पर दर्ज करेंगे। मल, खरोंच, पगमार्क, शिकार के अवशेष जैसे साक्ष्य जीपीएस लोकेशन सहित एप में अपलोड किए जाएंगे।

### 200 कर्मचारी करेंगे निगरानी

ट्रैप कैमरे चोरी या क्षतिग्रस्त न हों, उनसे सही डेटा कलेक्शन हो, इसके लिए करीब 200 कर्मचारी फील्ड पर रहेंगे। टाइगर रिजर्व बनने के बाद यह पहली गणना है। अभी बाघों की अनुमानित संख्या 26 है

**डॉ. एए अंसारी, उप संचालक, वीरांगना दुर्गावती**

# लैंगिग भेदभाव विषय पर लघु-नाटिका सम्पन्न

## विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में आयोजन

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विधिक सेवा सप्ताह 09 नवंबर से 14 नवंबर अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के निर्देश एवं कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बच्चों को शिक्षा ,रोजगार, सामाजिक क्षेत्रों में महिला और पुरूष के बीच रहे, भेदभाव को समझाने व उन्हें इसके प्रति संवेदनशील बनाये जाने के उदेश्य से लघु-नाटिका का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय दमोह में किया गया। लघु-नाटिका की प्रस्तुति विद्यालय की छात्राओं के द्वारा ही की गई। विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया कि लैगिंक भेदभाव सर्वप्रथम हमारे घर से ही प्रांरभ होता है जहां बालक एंव बालिका के बीच लिंग के आधार पर भेदभाव किया जाता है जिससे बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं। भेदभाव किये जाने के अनेक कारण हैं जिसमें अशिक्षा, गरीबी, बाल-विवाह इत्यादि शामिल होतेहैं, जिसके प्रति बच्चों को लघु-नाटिका के माध्यम से समझाने का प्रयास किया गया हैं। कार्यक्रम के दौरान असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल, प्राचार्य श्री आर.पी. पटैल, शिक्षक शैलेन्द्र कुमार दुबे सहित शिक्षक-गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। इसी परिपालन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत ग्राम कुअरपुर खेजरा में ग्रामीणों के बीच शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ प्राप्त करने हेतु अपनाये जाने वाली प्रक्रिया बाल विवाह, श्रमिकों के अधिकार निःशुल्क विधिक सहायता योजना, हेल्पलाईन 15100 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश अमरगोयल, सरपंच सोमेश गुप्ता, सचिवहरप्रसाद दुबे सहित ग्रामीण-जन उपस्थित रहें।

# नर्मदा जल की सप्लाई हुई पुनः प्रारंभ

## नागरिकों ने जताई राहत, स्थायी समाधान की मांग

**तेंदूखेड़ा।** नगर में पिछले छः दिनों से बाधित नर्मदा जल आपूर्ति अब पुनः शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार, पाटन के समीप मुख्य नर्मदा पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण नगर में जलापूर्ति प्रभावित रही थी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद नगर में नर्मदा जल की सप्लाई दोबारा सुचारू रूप से प्रारंभ कर दी गई है। हालांकि जब से नर्मदा लाइन की सप्लाई नगर में हुई है तब से पानी की वजह से भी बजह से नगर वासियों को परेशान रहना पड़ता है क्योंकि नर्मदा लाइन की शुरू होते ही नगर परिषद ने अपनी लाइनों को अधिकांश वार्डो में बंद कर दिया जिसके कारण लगभग 2 सालों में मोटरे पाइप लाइन चोरी की घटनाएं घटित हो गई जिसके कारण जब नर्मदा लाइन बंद रहती है तो नगर वासियों पुरानी लाइन से पानी देने में दिक्कत खड़ी हो जाती है अगर बासिया ने स्थाई समाधान के लिए पुरानी लाइनों को व्यवस्थित करने की एक बड़ी मांग उठा दी है उनका कहना है कि नर्मदा लाइन नगर में फ्लॉप हो चुकी है 24 घंटे पानी देने की योजना 48 घंटे में एक बार पानी उपलब्ध करा रही है वह भी 1 घंटे के लिए उसके बावजूद प्रत्येक सप्ताह 15 दिनों में जब देखो लाइन में फूट-फूट लीकेज की समस्या शुरू से आ रही है ऐसी स्थिति में पुरानी लाइनों का संचालन दुरुस्त रहे इसके प्रयास फिर से किए जाने चाहिए नगरवासियों ने जलापूर्ति पुनः शुरू होने पर राहत की सांस ली है, वहीं उन्होंने यह भी मांग की है कि नगर परिषद भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थायी समाधान निकाले। नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद अपनी पूर्व की पुरानी जल आपूर्ति लाइनों को भी दुरुस्त एवं सुचारू रूप से संचालित रखे, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में पानी की किल्लत न हो। उल्लेखनीय है कि नर्मदा जल योजना शुरू हुए लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी नगर के सभी क्षेत्रों तक सप्लाई पूरी तरह नहीं पहुंच पाई है। कई वार्डों में अब भी नगर परिषद की पुरानी सप्लाई लाइन से ही पानी मिल रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में दोनों स्रोतों से जलापूर्ति हो रही है। नगरवासियों ने परिषद से अपेक्षा जताई है कि वह स्थायी रूप से जल व्यवस्था सुदृढ़ करे, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े और हर घर तक नियमित नर्मदा जल पहुंच सके। नगर परिषद के सीएमओ पीयूष अग्रवाल का कहना है कि स्थाई समाधान के लिए प्रयास किया जा रहे हैं आगे नगर वासियों कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए पुरानी लाइनों को भी सुधारा जा रहा है हालांकि नर्मदा लाइन में पानी आ चुका है सप्लाई भी शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### नैमषारण्य में भागवत कथा करेंगे- पं.कमलेश्वरा नंद

**दमोह।** श्रीमद् भागवत कथा की जननी जहाँ 38000 ऋषि मुनियों ने पवित्र गोमती नदी के पास तपस्या की है वहाँ के पावन पवित्र तीर्थ क्षेत्र नैमषारण्य धाम लखनउ में बेलाताल टापू पर स्थित श्री शिव साई मंदिर के पुजारी पं. कलेश्वरा नंद महराज जी द्वारा 2 दिसंबर से 9 दिसंबर 2025 को उक्त धाम से सत्यनारायण भगवान एवं संत मुनियों की कृपा से तपो स्थली पर श्रीमद भागवत साप्ताहिक कथा का आयोजन किया गया है पं. कमलेश्वरा नंद जी द्वारा बताया गया कि यजमान बनने के लिए एक व्यक्ति 11000 रूपये दो व्यक्ति 21000 रूपये एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रूपये रखा गया है साथ ही यजमान के आने जाने के लिए ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था उसी शुल्क में समाहित है भागवत कथा सुनने के लिए डां आलोक गोस्वामी, कपिल दुबे, राजकुमार सोनी, ईश्वर दास शर्मा, राजू नामदेव, सुरेश घोड़ेला द्वारा आग्रह किया गया है।

### कृषि उपज मंडी 3 दिन बाद सोमवार को खुलेंगी

**पथरिया**-कृषि उपज मंडी में किसानों की फसल की आवक अधिक होने के कारण इस सप्ताह 4 दिन ही खुल पाई वैसे पथरिया मंडी सप्ताह में 5 दिन खुलती हैं शनिवार,रविवार बंद रहती है लेकिन अभी आवक अधिक होने के कारण प्रांगण में जगह की कमी व एक दिन में डाक नीलामी पूरी नही हो पा रही ना ही उठाव हो पा रहा है जिससे मंडी प्रशासन द्वारा दिनांक 14 नवंबर शुक्रवार को मंडी बंद रहेगीं अगले दिन शनिवार रविवार होने से लगातार 3 दिन बाद सोमवार 17 नवंबर को खुलेंगी।

### ग्राम करियाखेड़ा के किसान को 3 लाख 88 हजार रुपए का कृषि ऋण

**दमोह ।** जबेरा धरती आवा योजना अंतर्गत ग्राम पौड़ी मानगढ़ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मासाब भाव सिंह लोधी, कलेक्टर श्री कोचर एवं रूपेश सेन ने ग्राम करियाखेड़ा के किसान कप्तान सिंह के लिए भारतीय स्टेट बैंक जबेरा द्वारा 3 लाख 88 हजार का कृषि ऋण (केसीसी ) का स्वीकृति पत्र दिया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर अभिषेक रंजन, सौरभ राय, सरपंच मनोज राय। जल निगम के प्रबंधक गौरव सराफ, एस डी ओ शिवाजी, सीबीएमओ डॉ डीके राय, मोंटू वाजपेयी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर किया चक्का जाम

# भीषण हादसाः अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को 100 मीटर तक घसीटा, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह–जबलपुर स्टेट हाइवे पर नोहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार रात करीब 6:30 बजे नोहटा सेतु के आगे छीन्ना के पास एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय सोनू पिता लखन आदिवासी, निवासी छीन्ना, नोहटा साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनू ट्रक के नीचे फंस गए और करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



हादसे के बाद ट्रक चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन सहित फरार हो गया। घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी। देखते ही देखते आक्रोशित लोगों ने दमोह–जबलपुर स्टेट हाइवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे नोहटा और अभाना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और कलेक्टर को मौके पर बुलाने तथा अज्ञात ट्रक चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इस बीच नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल और जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

अंततः प्रशासन की कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। करीब दो घंटे तक जाम रहने के बाद पुलिस ने शव को घटनास्थल से हटवाकर दमोह जिला चिकित्सालय भेजा, जहां शव को शवगृह में रखवाया गया। इसके बाद हाईवे पर यातायात बहाल किया जा सका। वहीं, अज्ञात ट्रक और उसके चालक की तलाश में पुलिस की टीमें रवाना हो गई हैं। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग की है कि फरार ट्रक चालक को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए।

## सिविल जज बने आकाश मिश्रा

### जबेरा का नाम किया रोशन

**जबेरा।** जबेरा जबेरा नगर के होनहार युवा ने एक बार फिर नगर का नाम रोशन किया है। वैसे तो इस नगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।



चाहे यूपीएससी हो या एमपीपीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं के द्वारा नगर का परचम लहराया जाता है। इसी क्रम में बुधवार की रात्रि में जैसे ही सिविल जज परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया उसमें नगर के होनहार युवक आकाश मिश्रा के चयनित होने की खबर जैसे ही ग्राम वासियों को लगी आकर्ष मिश्रा की घर बधाई देने वालों का देर रात तक ताता लगा रहा। वैसे तो इस नगर के युवाओं ने आई IAS/IPS मैं अपना परचम लहराया है। परंतु किसी युवक का सिविल जज में चयन पहली बार हुआ हैविदित हो कि आकाश मिश्रा वर्तमान में रीवा में एडीपीओ के पद पर पदस्थ हैं तथा उनके पिता देवेंद्र मिश्रा एवं मां श्रीमती शशि मिश्रा शिक्षक के पद पर नगर जबेरा में ही पदस्थ हैं। आकाश मिश्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरू जन सहित समस्त परिवार जनों को दिया है।

## शुभांशु ने पहले प्रयास में पाई सफलता



**दमोह।** दमोह जिले के पथरिया निवासी शुभांशु सोनी ने कठिन परिश्रम और मजबूत इरादों के बल पर सिविल जज बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि पहले ही प्रयास में हासिल कर यह साबित कर दिया कि बड़े सपनों को पूरा करने के लिए केवल हौसला और निरंतर मेहनत की आवश्यकता होती है। पथरिया के वार्ड 12 पूर्व पार्षद संजय सोनी के सुपुत्र शुभांशु का जीवन सरल रहा, लेकिन उनके सपने हमेशा ऊंचे थे। छोटे से गांव से निकलकर उन्होंने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद कभी भी लक्ष्य से समझौता नहीं किया। इसी संकल्प का नतीजा रहा कि उन्होंने न्यायिक सेवा जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर ली।

शुभांशु की शुरुआती पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पथरिया से हुई और लॉ की पढाई डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से पूरी की। यह सफर दिखाता है कि बड़े सपनों को पूरा करने के लिए जरूरी नहीं कि शिक्षा किसी नामी-गिरामी संस्थान से ही हो, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति सबसे महत्वपूर्ण होती है। शुभांशु ने साल 2015 से 2020 तक हरि सींग गौर विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पूरी लगन से न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए उन्होंने समय, ऊर्जा और मेहनत को केवल पढ़ाई में लगाया और किसी भी प्रकार के विचलन को अपने पास नहीं आने दिया। बधाई देने वाले में प. राजेन्द्र गुरु, मदन सोनी, चाचा संदीप सोनी, सजीव सराफ, मोनू बजाज, प्रबल सोनी, शांतुन सोनी, दीपाली भोजक, अशु अग्रवाल दिनेश अग्रवाल आदि ने बधाई दी।

वन विभाग ने शीघ्र आपूर्ति बहाल करने का दिया आश्वासन

## तेंदूखेड़ा काष्ठागार डिपो में नहीं बची अंतिम संस्कार हेतु जलाऊ लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर में अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक जलाऊ लकड़ी की भारी कमी ने आम नागरिकों को परेशानी में डाल दिया है। नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित वन विभाग के बम्हौरी काष्ठागार डिपो में इस समय जलाऊ लकड़ी का स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो चुका है। अब तक नगर परिषद के श्मशान घाटों पर उपयोग होने वाली लकड़ी की आपूर्ति इसी डिपो से की जाती रही है, परंतु वर्तमान में लकड़ी उपलब्ध न होने से शोकाकुल परिवारों को अंतिम संस्कार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों को मजबूरन आसपास के गांवों अथवा निजी विक्रेताओं से ऊँचे दामों पर लकड़ी खरीदनी पड़ रही है। नगरवासी पं. रमेश तिवारी, डॉ. जितेंद्र भदौरिया, कमल नारायण यादव, मयंक ठाकुर, कपिल गोटिया आदि नागरिकों ने बताया कि डिपो से लकड़ी न मिलने के कारण समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। सभी ने वन विभाग से शीघ्र आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। पूर्व में नगरवासी अंतिम संस्कार हेतु जंगलों से अवैध रूप से लकड़ी



काटकर लाया करते थे, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुँचता था। इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद एवं वन विभाग के मध्य सहमति से बम्हौरी डिपो में जलाऊ लकड़ी की वैध आपूर्ति की व्यवस्था की गई थी, जो पिछले पांच वर्षों से सुचारू रूप से संचालित हो रही थी। वर्तमान में डिपो में लकड़ी का स्टॉक समाप्त हो जाने से यह व्यवस्था प्रभावित हुई है। सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि आगामी समय के लिए अग्रिम भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

### वन विभाग का कहना

महेंद्र खरे, प्रभारी काष्ठागार, बम्हौरी डिपो ने बताया कि जलाऊ लकड़ी का नया स्टॉक मंगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा संबंधित जानकारी वन परिक्षेत्र कार्यालय को प्रेषित की गई है। वहीं प्रतीक दुबे, उपवन मंडल अधिकारी, तेंदूखेड़ा ने कहा कि "डिपो में जलाऊ लकड़ी का स्टॉक शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। कूप कटाई से प्राप्त लकड़ी को प्राथमिकता के आधार पर डिपो में रखा जाएगा ताकि किसी नागरिक को अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो।"

## 7 पंजीयन केंद्रों में कोदों कुटकी के उपार्जन के लिए होगा पंजीयन

### गिरदावरी पोर्टल पुनः खोलने हेतु लिखा पत्र

**दमोह।** कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के विशेष प्रयासों से दमोह जिले में कोदों कुटकी के उपार्जन के लिए शासन स्तर पर अनुमति प्राप्त हो गई है, दमोह जिले में पंजीयन हेतु प्रत्येक विकासखंड में एक-एक पंजीयन केंद्र बनाया जायेगा। इस प्रकार जिले के 07 पंजीयन केंद्रों में किसान बंधु 15 नवंबर तक पंजीयन कर सकेंगे, जिन किसान बंधुओं द्वारा कोदों, कुटकी की फसल बोई गई थी लेकिन उनकी गिरदावरी नहीं हुई है, इस हेतु कलेक्टर श्री सुधीर कोचर ने आयुक्त भू- संसाधन प्रबंधन ग्वालियर को गिरदावरी पोर्टल पुनः खोलने हेतु पत्र लिखा था। ज्ञात हो कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आयोजित वीसी के दौरान कोदों कुटकी के संबंध में चर्चा की और उसके बाद उन्होंने स्वीकृति के लिए एक पत्र भी भेजा था।

### चौपाल में मतदाताओ को किया जागरूक

**दमोह।** चौरईया में आयोजित चौपाल में नायब तहसीलदार हटा शिवराम चढ़ार ने ग्रामीण और मतदाताओं को एसआईआर कार्य की जानकारी देकर सभी से आग्रह किया, आप सभी बीएलओ का सहयोग करते हुए अपनी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराये और एसआईआर प्रक्रिया अंतर्गत किये जा रहें कार्य पूर्ण करें और आपकी मतदाता सूची अपडेट हो सके।

## नि:शुल्क साइकिल पाकर खिले छात्र छात्राओं के चेहरे



**तेजगढ़।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ से 1 किलोमीटर दूर ग्राम पतलोनी के पी एम श्री हाई स्कूल में दूर ग्रामीण अंचलों जैसे ग्राम पिपरिया, उमरिया, टपरिया, सुनवाही, दातीपुरा से पतलोनी पी एम श्री हाई स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सत्र 2025/26 अंतर्गत निशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोधी क्षत्रिय सभा के जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। तत्पश्चात साइकिलों का वितरण 15 बालक, 19 बालिकाओं को किया गया। साइकिल मिलते ही बालकों में उत्साहित देखा गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कमेटी के महामंत्री भारत सिंह ठाकुर, जगन्ना सिह, अध्यक्ष हीरा सिंह, सरपंच प्रतिनिधि बेडी सिंह, सुशील जैन, स्कूल के प्राचार्य झून्नीलाल अहिरवार, वी ऐ सी इंदर सिंह, संस्था के शिक्षक जसवंत सिंह, अनिल श्रीवास्तव, राकेश खरे, तरबर सिंह ठाकुर, रत्नेश सिंह ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर, अजय पांडेय, देवन्द्र विश्कर्मा, बाबूलाल अहिरवार, चंद्रभान अहिरवार, राघवेंद्र सिंह शिवम सिंह ठाकुर, श्रीमती प्रीति अहिरवार, श्रीमती केशकली अहिरवार, प्रिंस तिवारी और बालक बालिका उपस्थित रहे।

## शराबी पति ने पत्नी से की मारपीट, अस्पताल में भर्ती

**हटा।** अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र के संजय नगर में खाना बनाते समय पत्नी के साथ शराबी पति ने मारपीट कर देने से पत्नी बुरी तरह झुलस गई जिसे इलाज हेतु सिविल अस्पताल हटा में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रानू आदिवासी 28 घर पर खाना बना रही थी उसी दौरान उसका पति ईश्वर दास आदिवासी शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। विवाद में पति ने लात मारी जिससे वह गर्म खाने से झुलस गई। घटना की सूचना पर गैसाबाद थाना डायल 112 मौके पर पहुंची जहां टीम द्वारा घायल पत्नी को सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। पीड़िता ने बताया कि पति शराब के नशे में आये दिन विवाद मारपीट करता है, आज भी मारपीट कर दी जिससे वह जल गई।

## भगवती मानव कल्याण संगठन व पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब



**फतेहपुर।** मगरोन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चौकी फतेहपुर में भगवती मानव कल्याण संगठन व फतेहपुर चौकी पुलिस के सहयोग से पकड़ी। अवैध शराब जो देसी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान फतेहपुर से लिधौरा गांव के लिए जा रही थी जिसे पिपरिया घनश्याम में पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में कार्टून में रखे 50 देशी शराब लाल सील बंद जिसकी कीमत 5000 रुपए, एक कार्टून में 24 कैंन बीयर 500 (ml) 12 कांच की बोतल की बियर सील बंद कीमत 5500 कुल कीमत 10500. रुपए एक मोटरसाइकिल हीरो कंपनी की काले रंग की बिना नंबर की कीमत करीब 40000 हजार रुपए। आरोपी राकेश लोधी पिता अमोदी लोधी उम्र 38 वर्ष निवासी सुंदरपुर थाना कोतवाली टीकमगढ़ एवं दूसरा आरोपी विकेश राय निवासी जिला निवाड़ी को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है। इस कार्यवाही में भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों का व फतेहपुर चौकी प्रभारी रघुवीर 6सिंह ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा ।

## ऐसे कार्य करें कि स्वयं से आँख मिला सकें- मुनि श्री समत्व सागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

श्री मज्जिनेंद्र समवशरण विधान के तृतीय दिवस श्रद्धा पूर्वक इंद्र-इंद्राणी के स्वरूप में पूजन किया गया । समवशरण की विभिन्न भूमियों एवं विराजमान भव्य जीवों और समवशरण की महिमा गाई गई । पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री समत्व सागर एवं मुनि श्री शील सागर के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । मुनि श्री समत्व सागर ने अपने प्रवचनों में कहा कि ₹अच्छा व्यक्तित्व वही कहा जाता है जो छुपकर भी कभी बुरे कर्म नहीं किया करता। दुनिया की नजरों में अच्छा होना और वास्तविकता में अच्छा होना इन में बहुत बड़ा अंतर है। दुनिया के सामने अच्छा होने पर भी यदि मन में अंतरंग में खोट है वह व्यक्ति आँखें चुराता ही मिलेगा। जो व्यक्ति आँखें नहीं मिला पाते वे नियम से कुछ छुपाया करते हैं। बालक भी जब छुपकर कुछ गलत कार्य कर लेता है अथवा अज्ञानता में गलती करता है तो वह माँ पिता से बात करता है और तुरंत पकड़ा जाता है। किंतु कुछ लोग बहरूपिया होते हैं वे इतने अच्छे से बाहरी भेष धारण करते हैं कि सच्चा व्यक्ति भी उनके आगे फीका दिखाई देता है या यूँ कहें गिरगिट तो कम रंग बदलता है ऐसे व्यक्ति दूसरों को रिझाने के लिए अथवा छलने ठगने के लिए कब रंग बदल लेते हैं पता ही नहीं लगता । गिरगिट अपने शिकार को धोखा देने एवं स्वयं की शत्रुओं से रक्षा करने अपना रंग बारबार बदलता है ऐसे लोग दूसरों को ठगने-फसाने के लिए नए नए तरीके अपनाते हैं।

### श्रेष्ठ व्यक्तित्व क्या है ?

.वही श्रेष्ठ व्यक्तित्व होता है जो कभी दूसरों को ठगता नहीं न ही ऐसे व्यक्तियों का शत्रु होता है। अंतरंग में छल कपटी जीवन का अभाव ही सबको मित्रवत बना दिया करता है। अध्यात्म विद्या में जीने वाले ऐसे योगी दिगंबर मुनि का जीवन छलने के लिए विभिन्न रूपों को धारण करने जैसा बहरूपिया रूप नहीं होता। भगवान महावीर और उनके अनुयायी कभी भी छल से किसी का भी अहित नही करते हैं न ही सोचते हैं । यही विद्या यदि सभी के जीवन में आ जाए तो संपूर्ण विश्व जीवन जीने के लिए उत्कृष्ट स्थान बन जाए। वही व्यक्ति श्रेष्ठ व्यक्तित्व का धारी होता है जो दूसरों से आँख मिलने के साथ साथ अपने आप से आँख मिलाने का साहस रखता हो। स्वयं से आँख मिलती रहे यदि यह कार्य सीख लिया जाए जो किसी दूसरे को जीवन में सुधार की प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होगी। वही कार्य करना उचित है जो छुपकर नहीं किया जाता एवं स्वयं से आँख मिलाने की सामर्थ्य बनी रहे। तत्पश्चात बा.ब्र. जयनिशांत भैया जी का उद्बोधन हुआ । उद्बोधन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

नरसिंहगढ़ जैन मंदिर से शोभायात्रा झांकी बनाकर निकाली गई जिसमें जैन समाज का जगह-जगह स्वागत हुआ। नरसिंहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिदौलिया , राजकुमार जैन का माला पहनकर और जैन समाज के सभी भाइयों को माला पहनाकर, फूल बरसाकर स्वागत किया। इस कार्य में सूरज मिश्रा मूवी ठाकुर सरपंच बड़ा गांव गोकल सिंह लोधी शरीफ खान धनीराम साहू अतुल साहू मुकुंदी यादव कि जनपद सदस्य नरसिंहगढ़ ललती संतोष मोदी ग्राम के प्रमुख मार्गो से महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती माया पटेल आदि उपस्थित रहे। शोभायात्रा किले वाली माता पुलिस चौकी होते हुए कृष्ण मंदिर बस स्टैंड से पुनः मंदिर में पहुंची जहां समापन हुआ । नरसिंहगढ़ जैन समाज राजकुमार गट्टानी काका धर्मेंद्र जैन विपिन जैन अब्बू जैन नंदू जैन कालू जैन आशीष जैन आदि का सहयोग रहा।

### 64 ऋद्धि विधान में भक्ति में झूमे भक्तगण



**पथरिया।** नगर में आयोजित संजीव भैया जी कटंगी संजय भैया के निर्देशन में चल रहे श्री शिद्धचक्र महामंडल विधान में विधान के 64 ऋद्धि के एवम 128 अर्घ्य चढ़ाए गए। शांतिधारा करने का सौभाग्य कुबेर कवीश,प्रियंका,शुभ सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ। सैकड़ों भक्तों को विधान में सम्मिलित होकर संगीतकार राजीव अशोकनगर की भक्तिमय भजनो पर झूमने पर मजबूर कर दिया। पुण्यार्जक सिंघई जेरठ वाला परिवार के अलावा समस्त सकल समाज के लोग भक्तिमय पूजन अभिषेक विधान में सम्मलित हुए कार्यक्रम में पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए भैया जी के निर्देशन में प्लास्टिक एवम डिस्पोजल मुक्त कार्यक्रम बनाया गया विधान में गढ़ाकोटा, बांसातरखेड़ा,सागर, दमोह,टीकमगढ़, कटंगी,बाकल, जबलपुर, गोटेगांव आदि स्थानों से भक्तगण सम्मिलित हुए।